विकास आयुक्त कार्यालय, SRLM प्रकोष्ठ

ब्लाक–चार, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक–38 (CIV)
इंद्रावती भवन, नया रायपुर, छत्तीसगढ़

(Ph.No. 0771-2510745, E-mail - mdcgsrlm@gmail.com, www.bihan.gov.in)

क्रमांक. 1917 / वि–6 / NRLM / HR&A / 117 / 2011 — नया रायपुर, दिनांक 26 / 07 / 2017

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत राज्य मिशन कार्यालय नया रायपुर, विभिन्न जिला मिशन एवं विकासखण्ड मिशन कार्यालयों में निम्नानुसार स्वीकृत/रिक्त पद पूर्णतया एकमुश्त मासिक वेतन आधार पर भरे जाने हेतु पदवार निर्धारित आरक्षण एवं अर्हता के अनुसार योग्यता रखने वाले पात्र आवेदकों से **दिनांक 31.07.2017 से 17.08.2017 सायं 5:00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।** ऑनलाईन आवेदन करने हेतु वेबसाईट **www.bihan.gov.in** में दिये गये शीर्षक "छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के अंतर्गत स्वीकृत/रिक्त पदों पर भर्ती" से संबंधित सभी जानकारी/नियम–शर्तें, पदवार निर्धारित योग्यता/अर्हता, जिलावार–पदवार आरक्षण (राज्य एवं जिले के निर्धारित रोस्टर अनुसार) आदि की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि एवं समय तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किये जावेंगे। ऑनलाईन आवेदन के अलावा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

केवल क्षेत्रीय समन्वयक, लेखापाल, लेखा सह एम.आई.एस. सहायक, एम.आई.एस. डाटा एण्ट्री ऑपरेटर एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के पद पर आवेदन करने के लिये सरगुजा एवं बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों में जिले के स्थानीय निवासी ही पात्र होंगे तथा अन्य जिलों में इन पदों के लिये छत्तीसगढ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।

जिलों के लिये स्वीकृत/रिक्त पदों पर भर्ती जिलों के द्वारा की जायेगी, अतः संबंधित पदों के लिये जिलेवार अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य है। प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है।

पदों का विवरण–

क्र.	पदनाम	पदस्थान	कुल पद संख्या एवं आरक्षण	एकमुश्त मासिक मानदेय (रू.)
1	2	3	4	5
1.	प्रोग्राम एक्जीक्युटिव (Programme Executive)	राज्य मिशन कार्यालय	2 (ST-1, UR-1)	40,000
2.	स्टेनो (Steno)		1 (UR)	13,500
3.	जिला कार्यक्रम प्रबंधक–आजीविका (District Programme Manager-Livelihoods)	जिला मिशन कार्यालय, सरगुजा	1 (UR)	40,000
4.	जिला कार्यक्रम प्रबंधक–जॉब्स (District Programme Manager- Jobs)	जिला मिशन कार्यालय, राजनांदगांव	1 (UR)	40,000
5.	जिला कार्यक्रम प्रबंधक–आजीविका (District Programme Manager-Livelihoods)	*6 जिला मिशन कार्यालय (धमतरी कोरबा, कोरिया, कांकेर, कोण्डागांव, एवं दंतेवाड़ा) के लिये प्रति जिला 1 पद तथा जिला सरगुजा हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक–आजीविका का 1 पद	7* (UR)	40,000
6.	जिला कार्यक्रम प्रबंधक–एस.एम.आई.बी. (District Programme Manager- Social Mobilization & Institution Building)		6* (UR)	40,000
7.	जिला कार्यक्रम प्रबंधक–वित्तीय समावेशन (District Programme Manager-Financial Inclusion)		6* (UR)	40,000
8.	जिला कार्यक्रम प्रबंधक–वित्त प्रबंधन (District Programme Manager-Finance Management)		6* (UR)	40,000

9.	लेखापाल (Accountant)	*6 जिला मिशन कार्यालय (जिला धमतरी कोरबा, कोरिया, कांकेर, कोण्डागांव, एवं दंतेवाड़ा)	6* (UR)	12,000
10.	डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (Data Entry Operater)		6* (UR)	12,000
11.	विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक** (Block Project Manager)	विकासखण्ड मिशन कार्यालय**	37 (परिशिष्ट–1)	30,000
12.	क्षेत्रीय समन्वयक** (Area Co-ordinator)		36 (परिशिष्ट–2)	20,000
13.	लेखा सह एम.आई.एस. सहायक** (Accounts cum MIS Assistant)		36 (परिशिष्ट–3)	17,000

(**विकासखण्ड–धरसींवा, अभनपुर, बसना, गरियाबंद, मगरलोड, नवागढ, डौण्डी, गुण्डरदेही, पंडरिया, पेण्ड्रा, कोरबा, पाली, पोड़ीउपरोड़ा, कटघोरा, करतला, सोनहत, मनेन्द्रगढ़, भरतपुर, बैकुण्ठपुर, खड़गंवा, बतोली, सीतापुर, उदयपुर, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़, दुर्गकोंदल, कांकेर, बड़ेराजपुर, केशकाल, फरसगांव, कोण्डागांव, जगदलपुर, तोकापाल, लोहण्डीगुड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोण्डा)

विशेष परियोजना महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना अंतर्गत 3 वर्ष की परियोजना अवधि के लिये–

क्र.	पदनाम	पदस्थान	कुल पद संख्या एवं आरक्षण	एकमुश्त मासिक मानदेय (रू.)
1	2	3	4	5
1.	परियोजना प्रबंधक (Project Manager)	राज्य परियोजना कार्यालय	1 (UR)	60,000
2.	एम.आई.एस. एवं दस्तावेज अधिकारी (MIS & Document Officer)		1 (UR)	30,000
3.	एम.आई.एस. डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (MIS Data Entry Operator)		1 (UR)	15,000
4.	विकासखण्ड समन्वयक (Block Co-ordinator)	विकासखण्ड परियोजना कार्यालय ***	12 (परिशिष्ट–4)	35,000
5.	एम.आई.एस. डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (MIS Data Entry Operator)		12 (परिशिष्ट–5)	15,000

(***विकासखण्ड–बलरामपुर, वाड्रफनगर, राजनांदगांव, मानपुर, बस्तर, बस्तानार, लखनपुर, छुरा, फिंगेश्वर, आरंग, तिल्दा एवं कुरूद)

मिशन संचालक, SRLM
एवं अपर विकास आयुक्त